# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**Email. ID – ddvssura.cg@nic.in Phone No. 07775-266034 Fax No. 07775-266034**

क्र0 393.../डी0एम0एफ0/स्थापना/संविदा नियुक्ति/2023-24 सूरजपुर, दिनांक 21/07/2023

## -: संविदा (अस्थाई) भर्ती हेतु विज्ञापन :-

जिला सूरजपुर (छ0ग0) अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डी0एम0एफ0 मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारीयों के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवार कार्यालय उप-संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सूरजपुर (छ0ग0) में दिनांक 24.07.2023 से दिनांक 07.08.2023 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक संबंधित पद के विरुद्ध भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदनों की जांच पश्चात् प्रवीण्य सूची अनुसार अभ्यार्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार ( दिनांक-23.08.2023 से दिनांक-25.08.2023 समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक (संभावित)) हेतु आमंत्रित किये जायेंगे। संविदा भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क. | पदनाम | स्वीकृत पदों कि संख्या | अ.ज.जा. | | | | अ.जा. | | | | अ.पि.व. | | | | अनारक्षित | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | स0प0चि0 क्षे0अ0 | 27 | 8 | 3 | 1 | — | — | — | — | 1 | 3 | 1 | — | — | 6 | 3 | 1 | — | 27 |

टीप :- विकलांग हेतु श्रवण बाधित अभ्यार्थी पात्र होगें।

➤ **वेतनमान :-**

| क0 | वेतनमान (वेतन मेट्रिक्स लेवल – 6) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | राशि – 18420/– (प्रतिमाह एकमुश्त) |

➤ **शैक्षणिक योग्यता :-**

| क0 | पदनाम | कार्यकम | योग्यता/ Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | Diploma in Animal Husbandry (D.A.H.) |

## 1. आवेदन पत्र के संबंध में :—

1. आवेदक जिले के वेबसाईट में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारुप डाउनलोड कर भर कर आवेदन कर सकते है।
2. सामाचार पत्र/वेबसाईट में प्रकाशित तिथि अनुसार कार्यालय उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सूरजपुर (छ0ग0) में निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
3. विज्ञापन का प्रारुप/खारिज किये गये आवेदकों का पदानुसार विवरण, समय–समय पर दावा आपत्ति की सूचना, लिखित परीक्षा की तिथि/कौशल परीक्षा की तिथि, आवेदन में छटनी किये गये अभ्यर्थियों कि सूची तथा परीक्षा/कौशल परीक्षा केन्द्र की जानकारी समय–समय पर जिले के वेबसाईट में उपलब्ध करायी जावेगी। इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने संबंधित आपत्ति स्वतः खारिज मानी जावेगी। इनका प्रकाशन कार्यालय उप–संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सूरजपुर (छ0ग0) में किया जावेगा। चयन के किसी भी स्तर पर या काउंसीलिंग के समय भी यदि आवेदक उपस्थित नहीं होता है तो इसे उसके कार्य के प्रति आरुचि मानते हुए उसे प्रकिया से बाहर माना जावेगा।
4. अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण तथा समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे।
5. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह नस्तीबद्ध किया जावे तथा पृष्ठ कमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित कम में ही ब्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में, 2. निवास प्रमाण पत्र, 3. आरक्षित वर्ग कि स्थिति में जाति प्रमाण पत्र, 4. शैक्षणिक योग्यताः– 10वीं, 12 वीं संबंधित डिप्लोमा की अंकसूचीयां एवं डिप्लोमा, 5. अनुभव प्रमाण पत्र, 6. जीवित/रोजगार पंजीयन पत्र, 7. अन्य प्रमाण पत्र।)
6. अभ्यार्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं द्वारा सत्यापित कर चिपकायें एवं आवेदित पद का पदनाम आवेदन पत्र में स्पष्ट रुप से उल्लेखित करें एवं आवश्यक सभी प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां अनिवार्यतः संलग्न करें अन्यथा आवेदन अमान्य माना जावेगा।
7. अभ्यार्थी को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार में पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

## 2. आयु सीमा :—

1. 01 जनवरी 2023 को आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए। आयु की गणना 01 जनवरी 2023 के अनुसार कि जावेगी। इस आयु सीमा में किसी भी प्रकार के छुट छत्तीसगढ़ सिविल सेवायें 2012 के नियमानुसार लागु किये जायेंगे।
2. संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण एवं अन्य शर्तें छत्तीसगढ़ संविदा सिविल सेवायें 2012 के सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार लागु होंगे।

## 3. चयन प्रकिया :—

**3.1 – प्राप्त आवेदनों मे से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों का चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहुत किया जावेगा।**

| क0 | कुल विज्ञापित पद की संख्या | स्कीनिंग/साक्षात्कार किये जाने हेतु अभ्यार्थियो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

**3.2 – कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के दिन निम्न मूल दस्तावेजों (दस्तावेज सत्यापन हेतु) के साथ अभ्यार्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है :–**

1. दसवीं, बारहवीं की अंकसूचीं।
2. संबंधित डिप्लोमा के प्रत्येक सेमेस्टर के अंकसूची।
3. संबंधित डिप्लोमा।
4. जीवित/रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र।
5. मूल निवासी प्रमाण पत्र।
6. जाति प्रमाण पत्र।(आरक्षित पद हेतु)
7. निःशक्ता प्रमाण पत्र।(यदि पात्र हो तो)
8. अनुभव प्रमाण पत्र।(यह केवल शासकीय संस्थान, सार्वजनिक संस्थानों एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों या उपकमों का ही मान्य होगा।)

**3.3 – अंतिम चयन सूची निम्नलिखित आधार पर बनायी जावेगी :–**

1. स0प0चि0क्षे0अ0 – शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 70% अंक एवं अनुभव के लिये अधिकतम 10% अंक (प्रत्येक वर्ष 02 अंक, जो अधिकतम 05 वर्षों के लिये ही होगा एवं शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थाओं के कार्यानुभव ही मान्य होंगे।) एवं कौशल दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार का 20% अंक निर्धारित है।
2. शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव दोनों के योग के आधार पर प्रविण्य सूची (साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की सूची) का प्रकाशन दिनांक– 08.08.2023 (संभावित) को किया जावेगा तदपश्चात् कौशल दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार एवं प्रवीण्य सूची में नामांकित अभ्यर्थियों के अंकों के आधार पर अंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया जावेगा।

---

**4. भर्ती के संबंध मे महत्वपूर्ण शर्ते एवं दिशानिर्देश :–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों कि जांच की जावेगी। जिसमें सही पाये जाने पर ही उसके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
3. स0प0चि0क्षे0अ0 के पद पर नियुक्ति हेतु सूरजपुर जिले के मूल निवासी अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में सरगुजा संभाग एवं अन्य जिला के अभ्यार्थियों से चयन की कार्यवाही की जावेगी।
4. भर्ती के संबंध मे समस्त जानकारियां सूरजपुर जिले की वेबसाईट surajpur.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की जावेगी।
5. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों कि संख्या घटाई व बढ़ाई अथवा भर्ती निरस्त कि जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार चयन समिति का होगा।
6. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ती प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
7. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (निःशक्तजन/भूतपूर्व सैनिक) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न ना होने कि स्थिति में संबंधित प्रवर्ग सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
8. अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. सेवा प्रदाता पद से संबंधित आवेदन एवं काउंसलिंग मे जीवित/रोजगार पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जीवित/रोजगार पंजीयन नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।
10. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रारुप में गैर न्यायिक 50 रु0 के स्टाम्प में एक वर्ष की सेवा हेतु नोटराइज्ड शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का ही सत्यापन किया जावेगा।
12. विकलांग एवं भूतपूर्व सैनिक हेतु पात्र अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित रिक्तियों को संबंधित वर्ग के मुक्त वर्ग के अभ्यार्थियों से भरा जावेगा।
13. उपरोक्त संविदा अवधि केवल 01 वर्ष के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने कि स्थिति में अवधि में वृद्धि कि जा सकती है। भविष्य में विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती होने कि स्थिति में संविदा के पद स्वतः निरस्त माने जायेंगे। अथवा दूसरे स्थान पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया जावेगा।
14. प्रतिक्षा सूची की वैधता केवल 01 वर्ष रहेगी। इस समयावधी में स्वीकृत नये पद अथवा त्याग–पत्र या किसी भी कारण रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
15. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले नियम एवं शर्तो में परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा।
16. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला कलेक्टर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) का होगा, जो आवेदकों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
17. चयन प्रकिया के किसी भी चरण कें यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से दबाव डलवाया जाता है या नि पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
18. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा अंतिम रुप से नियुक्ति रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
19. चयनित अभ्यर्थी को कार्य पर उपस्थित होने हेतु 07 दिवस का अवसर दिया जावेगा।
20. कार्यभार ग्रहण करते समय चयनित अभ्यार्थी को नियंत्रणकर्ता के साथ अनुबंध करना होगा तथा स्वयं का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
21. उक्त नियुक्ति का चयन, प्रशासकीय नियंत्रण जिला स्तरीय पद पर उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सूरजपुर (छ0ग0) के नियंत्रण में रहेगा।
22. चयन उपरान्त यदि कोई दी गई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
23. चयनित अभ्यार्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय उसको नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यार्थी को त्याग–पत्र देने के पूर्व 01 माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।
24. एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये जाने पर सेवायें स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
25. संविदा अवधि में किसी भी प्रकार का धरना/हड़ताल/प्रदर्शन इत्यादि में जाने की अनुमति नहीं होगी। धरना/हड़ताल करने पर नौकरी से वंचित करने का अधिकार जिलाधीश/कलेक्टर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) का होगा।

उपरोक्त विज्ञापन को जिला के वेबसाईट एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु नस्ती अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

| स्वयं द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो |
|---|

विज्ञापन क. व दिनांक..........................................................................

आवेदित पद का नाम..........................................................................

प्रति,

उप–संचालक
पशु चिकित्सा सेवायें
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–..........................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–..........................................................................
2. पिता/पति का नाम :–..........................................................................
3. माता का नाम :–..........................................................................
4. अ) जन्म तिथि (अंकों में) :–..........................................................................
   ब) आयु 01 जनवरी 2023 की स्थिति में :–वर्ष.............. माह................. दिन..............................
5. जाति (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) :–..........................................................................
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :–..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. क्या आप विकलांग श्रेणी के हैं :–..........................................................................
   विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :–..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. भूतपूर्व सैनिक हां/नहीं :–..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. स्थानीय निवास का पता :–..........................................................................
   ..........................................................................
   ........................................ पिन कोड.....................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :–..........................................................................
    ..........................................................................
    ........................................ पिन कोड.....................
11. मोबाईल नम्बर :–..........................................................................
12. ई–मेल आई.डी. :–..........................................................................
13. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत हैं। :–..........................................................................
    (यदि हॉ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

14. यदि आवेदित पद से संबंधित अनुभव प्राप्त है तो उसका विवरण देवें :–............................................................
..................................................................................
..................................................................................
..................................................................................

15. जीवित / रोजगार पंजीयन संस्था का नाम :–..................................................................

पंजीयन कमांक एवं दिनांक :–..................................................................

**16. शैक्षणिक योग्यता :–**

| क. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | शैक्षणिक उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**(विज्ञापन में चाही गई शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक, प्राप्तांक एवं प्रतिशत आवेदन में स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए अन्यथा आवेदन अमान्य माना जावेगा।)**

**17. कार्यानुभव का विवरण :–**

| क. | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय / सार्वजनिक / वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि (अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष / छःमाह) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

18. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व पृष्ठ कमांक :–

1. 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र :–............................................
2. शैक्षणिक योग्यता का डिप्लोमा एवं अंकसूची (सभी वर्षों का) :–.................................
3. जति प्रमाण पत्र :–............................................
4. मूल निवास प्रमाण पत्र :–............................................
5. निःशक्तता प्रमाण पत्र :–............................................
6. जीवित / रोजगार पंजीयन संबंधी प्रमाण पत्र :–............................................
7. अन्य दस्तावेज :–............................................

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

स्थान ..............................

दिनांक ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

(रु0 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

## शपथ पत्र

मैं (शपथकर्ता) ............................................ पिता/पति का नाम .................................................. उम्र .......... वर्ष निवासी ग्राम .............................. पोस्ट .................................. वि0ख0 ........................................ जिला ........................................ (छ0ग0) एतत् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता हूँ कि :-

1. मैने जिला सूरजपुर के लिए विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के लिए संविदा नियुक्ति की शर्तों को भलीभांति पढ़ लिया है तथा समक्ष लिया है।
2. उक्त विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई हैं, जिससे मेरी सेवाएं निर्धारित सेवा शर्तों के तहत निर्धारित समय सीमा के लिए हैं तथा एक वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्वमेव समाप्त हो जावेगी। जो मुझे मान्य है। मैं इन्ही सेवा शर्तों के अधिन संविदा नियुक्ति में एकमुश्त मानदेय रु0 18420/- (अट्ठारह हजार चार सौ बीस रुपये प्रतिमाह पर कार्य करने को तैयार हूँ।
3. यदि छ0ग0 शासन द्वारा संविदा नियुक्ति अवधि में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की स्थाई नियुक्ति किए जाने पर मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है तो मैं कोई दावा आपत्ति नहीं करुंगा न ही न्यायालय जाने का हकदार रहूंगा।
4. चयन व सेवा अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र (अंकसूची/जाति/निवास, आदि) झूठी/फर्जी पाई जाती है या प्रमाण पत्र के पुष्टि झूठी/फर्जी साबित होती है तो मेरी सेवाएं स्वमेव समाप्त मानी जावेगी जो मुझे मान्य होगा अथवा मेरा दावा स्वमेव निरस्त माना जावेगा और नियोक्ता किसी भी कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा।
5. मेरी संविदा नियुक्ति के पश्चात् नियुक्त अवधि मे मैं किसी भी धरना/प्रदर्शन में भाग नहीं लूंगा। यदि मैं ऐसा करता पाया जाता है तो नियोक्ता अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगें व मेरी सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की कार्यवाही के लिए सक्षम रहेगें।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## सत्यापन

मैं (शपथकर्ता) ............................................ पिता/पति का नाम .................................................. उम्र .......... वर्ष निवासी ग्राम .............................. पोस्ट .................................. वि0ख0 ........................................ जिला ........................................ (छ0ग0) उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक लिखी गई सभी बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है। आज दिनांक ......................... को स्थान .............................. में पड़कर व देखकर पूर्ण रूप से सन्तुष्ठ होकर हस्ताक्षर किया।

दिनांक ......................

दो गवाहो के हस्ताक्षर

1

2

हस्ताक्षर शपथकर्ता